राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : हिंदी
पाठ : 6 गद्य कैसे पढ़ें
कार्यपत्रक - 6

1. गद्य की कौन-कौन सी मुख्य विशेषताएं होती हैं ? आप उनमें से सबसे महत्वपूर्ण किसे मानते हैं? तर्कसहित उत्तर दीजिए।

2. अंग्रेजों द्वारा हिंदी के प्रसार के पीछे क्या कारण थे? स्पष्ट कीजिए।

3. गद्य की आधुनिक विधाओं का उल्लेख करते हुए यह प्रस्तुत कीजिए कि कौन सी विधा आज सर्वाधिक प्रचलित है और क्यों?

4. गद्य की अनेक शैलियाँ भिन्न-भिन्न विशेषताओं से युक्त हैं। उदाहरण के साथ विवेचन कीजिए।

5. गद्य पढने में किन चार बिन्दुओं को आप महत्वपूर्ण मानते हैं? वर्णन कीजिए।

6. 'निबंध गद्य लेखन की कसौटी है।' सिद्ध कीजिए।

7. अपठित गद्य पठन के चरणों को उदाहरण सहित चित्रात्मक रूप में प्रस्तुत कीजिए।

8. 'व्यंग्य आज के परिवेश में एक सशक्त विधा है। क्या आप इससे सहमत हैं ? तर्क प्रस्तुत कीजिए।

9. गद्य के साहित्यिक रूपों को निम्न रूप में दो भागों में रखकर वृक्ष आरेख के माध्यम से प्रस्तुत कीजिए:
   (i) गद्य की प्रमुख विधाएं (ii) गद्य के प्रमुख अवयव

10. निम्नलिखित शब्दों को कोश-क्रम से लगाइये:
    बेल, पराधीन, विकास, अनार, अंजु, सौभाग्य, पंकज, मानसिक, मानव,शैली